हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 4 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

8 उचाना के साथ बड़े परिवारों ने किया राजनीति अन्याय : अत्री


8 हर तीन-चार माह में रक्तदान करना चाहिए


## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**जींद**। सीआईए स्टाफ इंचार्ज ने अवैध असलहा के साथ एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ जींद के इंचार्ज निरीक्षक अनूप ने बताया कि पुलिस टीम उचाना से नरवाना की ओर जा रही थी। तभी सूचना मिली कि नरवाना मोरपत्ती निवासी लक्ष्य अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते मौके पर दबिश दी तो युवक पुलिस को देख तेजी से भागने लगा। जिस पर पीछा कर लक्ष्य को काबू कर लिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद**। संदिग्ध हालात में युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है भटनागर कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मकान से तीन सिलेंडर चोरी, मामला दर्ज

**जींद**। स्कीम नंबर 19 के निकट मकान से चोंरों ने तीन गैस सिलेंडर चोरी करने पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। स्कीम नंबर 19 निवासी सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस चोरों ने उसके घर से तीन गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने सन्नी की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झांसा देकर महिला का यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद**। महिला को ब्लैकमेल तथा यौन शोषण करने पर सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण करने, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाका की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उकलाना निवासी विनोद ने उसे झांसे में ले लिया। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो-फोटो बना ली। जिसके बाद आरोपित ने उसे फोटो से ब्लैकमेल कर यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब विरोध करती तो वीडियो वायरल करने की धमकी देता। गत दो मई को आरोपित उसे गांव ईक्कस के निकट होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### झपटमारी मामले में आरोपी काबू

**कैथल**। थाना सीवन पुलिस ने पैसे झपटमारी के मामले में कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की रामदासपुर सैर निवासी प्रताप सिंह की शिकायत अनुसार 14 मार्च को वह उसकी पत्नी के साथ घरेलू सामान खरीदने के लिए कांगथली बाजार गया था। जहां उसकी पत्नी ने एक दुकान से 3 हजार पेंशन के रूप में प्राप्त किए और पहले से मौजूद 5 हजार के साथ 8 हजार पॉलिथीन में रख लिए। दुकान से निकलते ही युवक ने झपट्टा मारकर पॉलिथीन छीन ली और मौके से फरार हो गया। जिस बारे सीवन में मामला दर्ज किया गया।

### मारपीट में महिला सहित दो घायल

**कैथल**। गांव मुंदड़ी में मारपीट में महिला सहित दो व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। मुंदड़ी की सुषमा ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 28 अप्रैल को गांव के ही अजय, बलजीत, सुखबीर, बंसी और अमनदीप ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे तथा कृष्ण को घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। सहायक उप निरीक्षक गुरदीप ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






**जींद**। परीक्षा केंद्र में जाने से पहले रोल नंबर देखते परीक्षार्थी व परीक्षार्थी की जांच करते पुलिसकर्मी व परीक्षा केंद्र में जाने से पहले कानों से बाली उतारते परीक्षार्थी व परीक्षार्थी के आधार कार्ड की जांच करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### जींद में छह केंद्रों पर 2857 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा व 74 रहे अनुपस्थित

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच नीट परीक्षा संपन्न

## तीन चरणों से गुजरे परीक्षार्थी, गहन जांच, नहीं जाने दी अवांछित सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

छह परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित की गई नीट परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई। तय समय से पहले ही परीक्षार्थी तथा उनके अभिभावक परीक्षा केंद्रों के बाहर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। गहनता से जांच के बाद परीक्षार्थी की परीक्षा केंद्र में एंट्री हुई। तय समयानुसार दो बजे परीक्षा शुरू हुई और समापन पांच बजे हुआ। इस दौरान परीक्षार्थियों के साथ आए परिजन परीक्षा केंद्रों के आसपास बैठ कर इंतजार करते हुए नजर आए। छह परीक्षा केंद्रों पर कुल 2931 परीक्षार्थियों में से 2857 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे और 74 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा को नकल रहित संपन्न करवाने के लिए भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर तथा अंदरूनी हालातों, डयूटीरत कर्मचारियों पर खूफिया विंग के सदस्य लगातार नजर रखे हुए थे। सेंटरों के बाहर बाहर खड़ी गाडिय़ों की जांच की गई। कर्मचारियों से पूछताछ की गई और उनके आई कार्ड भी जांचे गए। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को तीन चरणों की जांच से होकर गुजरना पड़ा। नकल रहित परीक्षा करवाने के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू रही और परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थापित सभी फोटो स्टेट, कोचिंग सेंटरों को बंद करवा दिया गया।

तीन चरणों से होकर गुजरे परीक्षार्थी, गहनता से हुई जांच, नहीं जाने दी अवांछित सामग्री सुबह 11 बजे से परीक्षा केंद्र में एंट्री टाइम शुरू था। ठीक समय पर परीक्षा केंद्र पर एंट्री शुरू हुई। पहले निजी कंपनी के नुमाइंदों द्वारा परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड जांचे गए। इसके बाद गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा गहनता से जांच किए जाने के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। फिर परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक व अन्य कागजातों की जांच हुई और तब जाकर परीक्षार्थी की परीक्षा केंद्र में एंट्री हुई। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में पानी की बोतल, एडमिट कार्ड ले जाने की ही इजाजत थी। कोई अवांछित सामग्री अंदर न पहुंचे इसके लिए महिला परीक्षार्थियों को भी जांचने का काम किया गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसी टीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा अन्य आवश्यक तकनीकी प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गैजेट या अन्य प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नही थी। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर खूफिया विंग ने भी सतर्कता रखी और परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डयूटीरत कर्मचारियों के कागजात जांचे, परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़ी गाडिय़ों की तलाशी ली और उनमे बैठे लोगों से बातचीत की। फोटो स्टेट दुकानों तथा कोचिंग सेंटरों को बंद करवाया गया और चेतावनी दी की अगर परीक्षा के दौरान वे अपने संस्थानों को न खोलें और न ही अवांछित तत्व को अंदर आने दें।



रा.महाविद्यालय केंद्र के बाहर परीक्षा शुरू होने से पहले ही पहुंचे परीक्षार्थी।



**जींद**। गोहाना रोड पर जाम में फंसे वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

#### नकल रहित तरीके से संपन्न

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नीट परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल रहित तरीके से संपन्न करवाया गया है। परीक्षा को संपन्न को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में बिना चैक किए प्रवेश नहीं कर पाया है।

#### तैनात रहा पुलिसबल

सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्पेशल बसें भी चलाई गई थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर कर्मियों की तैनाती की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम तैयार रही। परीक्षा को लेकर तैनात की गई पांच पेट्रोलिंग पार्टियां गश्त करती रही। परीक्षा सुचारु रुप से करवाने के लिए साइबर टीम अलग से तैनात रही।

**ये रही परीक्षार्थियों की स्थिति**

| परीक्षा केंद्र | परीक्षार्थियों की संख्या | परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| राजकीय महाविद्यालय | 600 | 579 | 21 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय | 528 | 514 | 14 |
| गर्ल्स मॉडल संसीसे स्कूल | 312 | 306 | 06 |
| राजकीय कन्या वमावि | 387 | 383 | 04 |
| सीआरएसयू विवेकानंद ब्लॉक | 576 | 559 | 17 |
| सीआरएसयू सीवी रमन ब्लॉक | 528 | 516 | 12 |

#### तैनात पुलिस बल





**कैथल**। परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े परीक्षार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

## कैथल: 1803 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 38 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नीट परीक्षा 2026 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं नकल रहित सम्पन्न हुई। जिले में सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए थे। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिले में कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। केंद्रों पर 1841 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की थी, जिनमें से 1803 उपस्थित रहे, जबकि 38 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में परीक्षा में 97.94 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की । उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया और सभी केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, जैमर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता या नकल की सूचना नहीं मिली। डीसी ने कहा कि परीक्षा देने के लिए आए छात्राओं के आईडी कार्ड, फोटो चैक किए गए। इसके बाद मेटल डिटेक्टर से चैकिंग की गई। फिर बायोमेट्रिक सिस्टम से जांच की गई। इन प्रक्रिया को पूरा करने के बाद स्टूडेंटस को एग्जाम हॉल में जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों ने आपसी तालमेल से कार्य किया, जिसके परिणाम स्वरूप यह परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें रावमावि कमेटी चौक कैथल, पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल तितरम कैथल, पीएम श्री राजकीय कवमावि अड्डा कैथल, राजकीय कवमावि नजदीक गीता मंदिर कैथल तथा डा. भीम राव अंबेडकर राजकीय कालेज गांव जगदीशपुरा कैथल शामिल रहे।

# वाहन चोर से चार बाइक बरामद

■ चेसी नंबरों से छेड़छाड़ कर छुपाया था झाड़ियों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एवीटी पुलिस स्टाफ ने बाइक चोर को काबू कर कब्जे से चार चोरीशुदा बाइके बरामद की हैं। आरोपित ने बाइकों के चेसी नंबर के साथ छेड़छाड़ की थी। पुलिस आरोपित से दूसरे साथी के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ कर्मी अपराध रोकने के सिलसिले में गश्त कर रहे। उसी दौरान उन्होंने एक बाइक सवार को रोक कर दस्तावेज मांगे। चालक उन्हें दिखाने में नाकाम रहा। जब बाइक चेसी के नंबर चैक किए गए तो उसके साथ छेड़छाड़ की गई थी।




पुलिस पूछताछ में आरोपित की पहचान चंद्रलोक कालोनी निवासी सुनील उर्फ सोनू के रूप में हुई। बाइक को आरोपित ने गत 12 मार्च को पिल्लूखेड़ा से चोरी किया था। जिस पर गांव ढाठरथ निवासी अजय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई हुई थी। आरोपित से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपित ने तीन और बाइकें चोरी करना स्वीकार किया। एवीटी स्टाफ ने आरोपित की निशानदेही पर गांव गौसाईखेड़ा के निकट खंडहर के पीछे झाड़ियों से बरामद कर लिया। आरोपित ने उन बाइकों के चेसी नंबर के साथ भी छेड़छाड़ की हुई थी। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने ग्राइंडर भी बरामद किया है। जिसकी सहायता से चेसी नंबर के साथ छेड़छाड़ करता था। पुलिस आरोपित से उसके अन्य साथियों के बारे मे पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ प्रभारी यशवीर ने बताया कि आरोपित के कब्जे से चार चोरी शुदा बाइकें बरामद की हैं। आरोपित बाइक चोरी करने के बाद उसकी चेसी नंबर से छेड़छाड़ करता था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### झांसा देकर 34 लाख हड़पने का आरोपी काबू

**जींद**। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक्साइज तथा इनकम टैक्स विभाग में इंसपेक्टर लगवाने का झांसा देकर 34 लाख हड़पने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। सैक्टर 11 निवासी जीत सिंह ने 11 अगस्त 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि सफीदों रोड पर भतीजे के सर्विस स्टेशन पर बैठता था। 2017 में शामलो कलां निवासी अनिल गाड़ी धुलवाने के लिए आया। जिसने खुद को इनकम टैक्स विभाग में इंसपेक्टर बताया। बताया कि उसकी अच्छी जान पहचान है। इनकम तथा एक्साइज विभाग में इंसपेक्टर लगवा सकता है। बातों में आकर अपने दामाद को इंसपेक्टर लगवाने को कहा। जिसके लिए उसने 34 लाख की डिमांड की। जिस पर उसने आरोपित अनिल के अलावा भाई राकेश, पिता सतनारायण, उसका भांजे गांव बरसोला निवासी अजय मौजूदगी में रुपये दे दिए।

# नशा तस्कर को 9 किलो 85 ग्राम डोडापोस्त सहित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गुहला क्षेत्र से आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 9 किलो 85 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम गस्त दौरान गांव गढ़ी नजीर नहर के पास मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मरोड़ी निवासी प्रकाश सिंह काफी समय से डोडा पोस्त बेचने का कार्य करता है, वह बाइक पर सवार होकर समाना की तरफ नशीला पदार्थ सप्लाई करने जाएगा। सूचना को विश्वसनीय मानते पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते मौके पर नाकाबंदी की । जहां कुछ समय बाद व्यक्ति बाइक पर सफेद कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा करने पर बाइक चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिस द्वारा काबू कर लिया । जिसकी पहचान गांव मरोड़ी निवासी प्रकाश के रूप में हुई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंचे एईटीओ कैथल रोहित कुमार के समक्ष नियमानुसार ली तलाशी के दौरान 9 किलो 85 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर मौके पर पहुंचे एसआई बलराज द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।



### आज और कल बूंदाबांदी की संभावना, तापमान में और आएगी गिरावट

# हवा के साथ उड़ी धूल, दिनभर लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते रविवार को दिन भर धूल भरी हवा चलती रही। जिसने लोगों काफी बेहाल किया। घरों में धूल जमा हो गई। सड़कों तथा गलियों की वेस्टज ने दशा बिगाड़ दी। दोपहर को धूल ने लोगों को चेहरा ढांपने को मजबूर कर दिया। धूल भरी हवा से सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, बच्चों तथा बीमार लोगों को हुई। हवा की गति काफी तेज रही लेकिन गर्म नही थी। जिससे तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 30 प्रतिशत तथा हवा की गति 22 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग विभाग के अनुसार सप्ताह भर मौसम में उतार चढाव बना रहेगा। अगले दो दिनों में धूल भरी हवा चलने के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। रविवार को दिन का आगाज तेज हवा के साथ हुआ जिसके साथ धूल भी उड़ती रही। दोपहर तक तो हालात यहां तक रहे कि धूल ने लोगों को चेहरा ढांपने को मजबूर कर लिया। घरों में धूल जमा हो गई। सड़कों तथा गलियों में भी पालिथीन व अन्य वेस्टेज उड़ते रहे। जिसका असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। हवा की गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची थी। हालांकि हवा गर्म नही रही। लोग कम ही बाहर दिखाई दिए। तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिसने गर्मी से कुछ राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में पूरा सप्ताह उतार चढाव की संभावना है। अगले दो दिनों के दौरान धूल भरी हवा चलने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना है। जिससे तापमान में और गिरावट आएगी। आकाश में बादलवाई भी बने रहेगी। मौसम भी सुहाना बना रहेगा।



#### पूरे सप्ताह उतार-चढ़ाव बना रहेगा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में परिवर्तन आया है। वैसे पूरा सप्ताह उतार-चढाव बना रहेगा। अगले दो दिन धूल भरी हवा के साथ बूंदाबांदी की संभावना बन रही है।



**जींद**। मीटिंग में भाग लेते सभा के सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### मैढ़ सुनार सभा ने लिखा पीएम-कानून मंत्री को पत्र

**जींद**। मैढ सुनार सभा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल को पत्र लिखकर लिव इन में रहने की अनुमति प्रदान करने वाले कानून पर पुनः विचार करने तथा उक्त कानून को रद्द करने के लिए संसद के माध्यम से संशोधन करने की मांग की है। स्थानीय सैक्टर छह में स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मैढ़ सुनार सभा अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर गांव-गांव तथा कालोनियों में नुक्कड़ बैठक कर लोगो को लिव इन में रहने तथा बढ़ते नशे के कारण परिवारों पर पड़ रहे सामाजिक कुप्रभाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। मैढ़ सुनार सभा के महासचिव राममेहर वर्मा, संरक्षक बनारसीदास ने बताया कि लिव इन रिलेशनशिप कानून के तहत बिना शादी के दो व्यस्कों द्वारा पति व पत्नी की तरह रहने से समाज में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

### मकान सूचीकरण का कार्य चलेगा एक माह

**जींद।** प्रधान जनगणना अधिकारी एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत सरकार की जनगणना 2027 के तहत जिला में एक मई 2026 से मकान सूचीकरण का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। यह महत्वपूर्ण अभियान आगामी एक माह तक लगातार संचालित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (एचएलबी) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक का दायित्व एक प्रशिक्षित प्रगणक (एन्यूमरेटर) को सौंपा गया है। जिनकी नियुक्ति विभिन्न विभागों के कर्मचारियों में से की गई है ताकि कार्य को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

### शिक्षक खटखटाएंगे कोर्ट का दरवाजा : रेढू

**जींद।** हरियाणा स्कूल लैक्चरर एसो हसलाके पूर्व जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य राजबीर रेढू ने सेवानिवृत्त प्राचार्य, लैक्चरर, मास्टर की जूम एप पर बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजबीर रेढू ने की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जींद एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अनुभाग अधिकारी समान सेवा शर्तों के बावजूद मनमानी, घोर प्रशासनिक भेदभाव एवं नियमों की गलत व्याख्या कर पिक एंड चूज की नीति के भेदभाव के खिलाफ दर्जनों शिक्षक कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। पूर्व जिला प्रधान राजबीर रेढू ने बताया कि वर्ष 1997 में अनेक शिक्षकों की श्रेणी अनुसार रिक्त स्वीकृत पदों पर भर्ती हुई थी।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव में उमड़ी भीड़

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर छत्तीस बिरदारी के लोग पहुंचे। यहां पर उमड़ी भीड़ ने भगवान परशुराम के जीवन के बारे में वक्ताओं से विस्तार से सुना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। महापुरूष कोई एक जाति के नहीं होते है बल्कि वो सभी के होते है। महापुरूषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा सरकार बनने के बाद महापुरूषों की जयंती मनाने की शुरूआत की। पहले की सरकारों में कभी किसी महापुरूष की जयंती नहीं मनाई गई। जो यूनिवर्सिटी या कोई बड़ा संस्थान, बड़ा प्रोजेक्ट लगा हो तो खुद के परिवार के सदस्यों के नाम रखे जाते थे।

### लक्ष्य का निर्धारण जीवन में सबसे जरूरी : अशोक

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि मनुष्य जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सफलता नहीं बल्कि आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त करना भी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सबसे पहले जरूरी है लक्ष्य का निर्धारण। लक्ष्य विहीन जीवन दिशाहीन जहाज के समान होता है जो किसी भी तूफान में डगमगा सकता है। पंचम काल के इस युग में भी अगर हम सही सोच रखें तो प्रकृति की सारी शक्तियां हमारे साथ हो जाती हैं। महापुरूषों ने स्वयं अपने जीवन से यह उदाहरण दिए है कि चुनौतियों से डरना नहीं आत्मबल से पार करना ही धर्म है। सफलता हमेशा हमारे हाथ में नहीं होती लेकिन कैसी सोच रखनी है यह पूरी तरह हमारे हाथ में होता है।

### विदेश में रह रहा भांजा बन साढ़े तीन लाख ठगे

**जींद।** विदेश में रह रहा भांजा बनकर एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने साढ़े तीन लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिवानामाल निवासी राजकुमार ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भांजा गांव बरौदा निवासी विनोद छह साल से न्यूजीलैंड में रह रहा है। गत तीस मार्च को उसके व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका भांजा विनोद बताया। उसने कहा कि वह रोहतक में प्लाट खरीदना चाहता है।

# सरकारी-निजी स्कूलों मे हिंदी-अंग्रेजी दोनों माध्यमों में होगा मूल्यांकन : राजेश

## आज पीपीटी के माध्यम से एफएलएस-2026 मूल्यांकन प्रक्रिया की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एफएलएस 2026 (फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी ) के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जानकारी दी कि इस मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिले के सभी एफआई को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए डाइट प्रिंसिपल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि सभी एफआई को चार और पांच मई को जिला समन्वयक एफएलए के कार्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान एफआई को पीपीटी के माध्यम से



जानकारी देते राजेश वशिष्ठ।

एफएलएस-2026 मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इस प्रशिक्षण में एफआई को टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

**प्रशिक्षण में पूरी तत्परता से भाग लें**

एफएलएस 2026 का उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और सं यात्मक दक्षता का आकलन करना है। इस अध्ययन के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि प्राथमिक स्तर पर बच्चे पढने, लिखने और गणना करने में कितने सक्षम हैं। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि यह मूल्यांकन न केवल विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति का आकलन करेगा बल्कि शिक्षकों और शिक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता का भी प्रतिबिंब प्रस्तुत करेगा। उन्होंने सभी एफआई से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण में पूरी तत्परता से भाग लें और मूल्यांकन कार्य को जि मेदारीपूर्वक संपन्न करें।

जिन पर कार्य करने का अ यास करवाया जाएगा। इस बार विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूरा मूल्यांकन कार्य टैब के माध्यम से ही किया जाएगा। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और समयबद्ध होगी। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस बार का मूल्यांकन कार्य एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशन में किया जा रहा है। इस मूल्यांकन की निदेशक डा. इंद्राणी भादुड़ी हैं, जो संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी कर रही हैं। वहीं, एससीईआरटी गुरुग्राम में डा. मनोज शर्मा को इस कार्य का इंचार्ज बनाया गया है। वे हरियाणा राज्य के सभी जिलों के समन्वयकों से लगातार संपर्क में हैं, उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं और उनसे फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं। मूल्यांकन कार्य को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी केंद्रों पर जिला स्तरीय ऑब्जर्वेशन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी अपने-अपने केंद्रों पर रहकर मूल्यांकन प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे और अपनी रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपेंगे। इसके अतिरिक्त, एससीईआरटी गुरुग्राम, एनसीईआरटी नई दिल्ली और शिक्षा निदेशालय की टीम भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करेगी ताकि मूल्यांकन कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इससे पहले वर्ष 2022 में भी एफएलएस मूल्यांकन आयोजित किया गया था। उस समय यह मूल्यांकन कागज पर लिखित रूप में हुआ था लेकिन इस बार तकनीकी उन्नति के साथ इसे टैब पर आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा संग्रहण और विश्लेषण की प्रक्रिया अधिक सटीक और त्वरित होगी। एफएलएस 2026 मूल्यांकन हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में आयोजित किया जाएगा। कुछ स्कूलों को हिंदी माध्यम के लिए चुना गया है, जबकि कुछ स्कूल अंग्रेजी माध्यम में मूल्यांकन करेंगे। यह मूल्यांकन सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्कूलों में होगा, जिससे राज्य के सभी विद्यार्थियों की बुनियादी सीखने की क्षमता का समग्र मूल्यांकन किया जा सके।



जींद। अस्पताल पार्क में बोर करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# नागरिक अस्पताल करेगा जल संरक्षण

- जल संरक्षण के लिए अस्पताल पार्क में लगाया जा रहा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल प्रशासन भी जल संरक्षण में अपना योगदान देने जा रहा है। इसके लिए अस्पताल परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। इससे दो फायदे होंगे। एक तो भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा वहीं नागरिक अस्पताल परिसर में वर्षा के दौरान खड़े होने वाले पानी से भी निजात मिलेगी। यह रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाया जा रहा है। अधिक वर्षा होने पर इस सिस्टम से भूमिगत जल रिचार्ज होगा। अभी तक नागरिक अस्पताल परिसर में कोई भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं था। नागरिक अस्पताल 24 एकड़ में फैला है। अस्पताल में नई व पुरानी दो बिल्डिंग हैं। हालांकि अस्पताल के पीछे कई एकड़ भूमि खाली भी पड़ी है। यहां पर पौधे भी लगे हैं, इसलिए यहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जरूरत नहीं है। अस्पताल को जो अगला हिस्सा हैए यहां पर पक्का फर्श होने के कारण वर्षा के दिनों में पानी खड़ा रहता है। नई बिल्डिंग की तरफ गोहाना रोड से जो सीधा सड़क मार्ग बनाया गया है, उसका लेवल नीचा है। इसके अलावा यहां पर सीवरेज का कनेक्शन भी ब्लाक हो गया है। इस कारण यहां पर वर्षा के दिनों में कई-कई दिन तक पानी खड़ा रहता है। अब अस्पताल परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगने से यहां खड़े पानी को तुरंत निकाला जा सकेगा। इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की जाएगी। वर्षा के दिनों में पार्क में भी कई जगह पानी खड़ा रह जाता है। पानी खड़ा रहने के कारण यहां मच्छर भी पैदा हो जाते हैं। अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगने से यहां पानी खड़ा नहीं होगा। इसके अलावा पार्क में भी जमीन सूखी रहेगी। अस्पताल के पार्क में काफी मरीज व उनके तीमारदार बैठ जाते हैं। इसलिए उनको भी परेशानी नहीं होगी। अस्पताल परिसर में कहीं पर भी पानी खड़ा नहीं होगा तो मच्छरों का भी प्रकोप कम होगा। नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अस्पताल परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए बोर करवाया जा रहा है। आगामी दो-तीन दिन में यह कार्य पूरा हो जाएगा।

## विधायक ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम को किया संबोधित

# उचाना के साथ बड़े परिवारों ने किया राजनीति अन्याय : अत्री

**आज गरीब परिवार के युवा बड़े-बड़े पदों पर लग रहे**

## हलके के मतदाताओं ने वोट की चोट से राजनीति अन्याय का किया खात्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना





भगवान परशुराम जयंती पर पहुंचे कार्यक्रम में हलके भर से लोग व मंच पर उपस्थित विधायक देवेंद्र चरतभुज अत्री, सुषमा अत्री एवं गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमें सिखाया है कि जब अन्याय बढ़े तो चुप रहना सबसे बड़ा अपराध होता है। उचाना हलके के साथ बड़े परिवारों ने राजनीति अन्याय किया तो यहां के मतदाताओं ने बढ़ते राजनीति अन्याय को देखते हुए फैसला लेते मेरे को आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने का काम किया। भगवान परशुराम का नाम लेते ही हमारे मन में पराक्रमी योद्धा की छवि सामने आती है। वो शक्ति के प्रतीक ही नहीं बल्कि न्याय, अनुशासन, ज्ञान और सामाजिक संतुलन के प्रतीक थे। शिक्षा के महत्व को जीवन में समझे। शिक्षा से बड़ा कुछ नहीं है। बिना पर्ची बिना खर्ची ऐतिहासिक काम भाजपा ने किया। आज गरीब परिवार के युवा बड़े-बड़े पदों पर लग रहे है। वे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारी भीड़ होने के चलते आयोजकों को भीड़ को बैठाने में काफी मशक्त करनी पड़ी। विधायक के कार्यक्रम में पहुंचने पर फूलों की बारिश की उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता के तौर पर शिक्षाविद रामचंद्र अत्री पहुंचे। भगवान परशुराम के जीवन विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन शीशपाल शास्त्री ने किया। विधायक ने कहा कि मेरे पिता ने बहुत संघर्ष किया। संघर्ष वो सामाजिक रूप से था या राजनीति रूप से जीवन में बड़ी लड़ाई लड़ी। साधारण परिवार में पैदा होकर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी इच्छाएं थी कि विधायक बन कर हलके की सेवा करूं। जिस मुकाम पर आज पहुंचा हूँ वो उचाना की जनता के आशीर्वाद के साथ मेरे पिता के संघर्ष से हासिल किया है। मेरे पिता ने अपने जीवन काल में लोगों की सेवाएं की। संघर्ष हर व्यक्ति के जीवन में आता है। संघर्ष करने से कभी घबराना नहीं चाहिए। पिता से बड़ा जीवन में कुछ नहीं होता पिता सुपर हीरो होता है। पहले के जो नेता उचाना से थे वो लोगों को इंतजार करके मिलते थे ताकि भीड़ अधिक हो, लोगों को लाइनों में लगना पड़ता था। कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ता था। उचाना में इस राजनीति परपंरा को बदलते हुए मेरे से मिलने अगर एक भी व्यक्ति आता है तो उससे मिलता हूँ।

**साफ छवि का नेता अत्री पर झूमे लोग**

हरियाणवी कलाकार संदीप शर्मा साहिल द्वारा प्रस्तुत किया गीत साफ छवि का नेता अत्री सबके दिल पर छारया है पर कार्यक्रम में उपस्थित लोग झूमे। कलाकारों ने गीतों के माध्यम से भी भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला। विधायक ने ब्राह्मण धर्मशाला को विधायक फंड से 11 लाख रुपए एवं कार्यक्रम आयोजक कमेटी को अपने निजी कोष से 5 लाख 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम से पहले हवन हुआ जिसमें पूर्णा आहुति विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, सुषमा अत्री ने डाली। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, बलवान कापड़ो, मिट्ठू शर्मा, अभेराम काकड़ोद, वीरेंद्र कौशिक, पूर्व सरपंच महाबीर, मोहन अलीपुरा, सोमदत्त थुआ, देशराज खरकभूरा परमानंद कालता मौजूद रहे।

**विपक्ष के पास नहीं कोई मुद्दा**


पत्रकार वार्ता में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम दिखाएगा कि विपक्ष ने जो महिला आरक्षण का विरोध किया था उसका सबक महिला मतदाताओं ने वोट की चोट से सीखने का काम किया है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। पश्चिमी बंगाल की जनता विकास को चुनेगी वहां मतदाता जंगलराज को समाप्त करेंगे। कुलदीप बिश्नोई के बयान पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि हम संतुलित परिवार है विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है हर व्यक्ति को संयम में रहते हुए बात करनी चाहिए।

# जींद में 8.16 लाख एमटी गेहूं की खरीद

- अब तक 4,76,818 मीट्रिक टन का उठान पूर्ण : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को उठान कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैंए जिससे मंडियों में फसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। उपायुक्त ने बताया कि गत दिवस तक जिले में कुल 8,16,360 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य



एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2,31,699 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3,40,517 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10,426 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 2,33,718 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंडीवार आंकड़ों के अनुसार गत दिवस तक उचाना मंडी में 87,360 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 70,088 मीट्रिक टन, जींद में 92,407 मीट्रिक टन, अलेवा में 35,386 मीट्रिक टन, सफीदों में 93,031 मीट्रिक टन, जुलाना में 1,00,315 मीट्रिक टन तथा नरवाना में 84,954 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। खरीदे गए गेहूं का उठान कार्य भी लगातार जारी है। गत दिवस तक 4,76,818 मीट्रिक टन गेहूं का उठान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1,25,612 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2,04,579 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 8,541 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 1,44,115 मीट्रिक टन गेहूं का उठान शामिल है।

# स्वच्छता का पर्यावरण में विशेष महत्व : सेव

## हर आदमी साफ-सफाई में अपना योगदान दे, तभी स्वच्छता संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 464वां अभियान था। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में स्वच्छता का बहुत महत्व है। सभी आदमी जहां कहीं भी हो स्वच्छता रखें हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालें। डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को दें। आजकल पेड़ों से पेते




जींद। स्वच्छता अभियान चलाते हुए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

भी झड़ते हैं और गली मोहल्ले में लोग पत्तों को एकत्रित कर करें आग लगा देते हैं साथ में पॉलिथीन और अन्य कूड़ा भी उसके अंदर डाल देते हैं। जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। इसीलिए सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करें और डस्टबिन नगर परिषद द्वारा निर्धारित जगह पर डाले या नगर परिषद की गाड़ी को दें। हर आदमी स्वच्छता में अपना योगदान दे तभी स्वच्छता संभव है। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता रहेगी और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगाए हमारे समाज में बीमारियां कम होगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। इस मौके पर सुल्तान सिंह आर्य, बलजीत सिंह रेढ़ू, बलबीर सिंह, कृष्ण भारद्वाज, अजमेर सिंह, होशियार सिंह, रोहताश गुप्ता, बलबीर, डा. राजेंद्र सिंह, सुजान सिंह पूनिया, अजीत सिंह, हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## जेसीआई जींद क्लासिक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# हर तीन-चार माह में रक्तदान करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेसीआई जींद क्लासिक द्वारा रविवार को सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगा कर हौंसलाअफजाही की। डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जेसीआई के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया है और समय-समय पर इनके द्वारा यह कैंप लगाते रहते हैं। इस प्रकार के कैंप लगातार लगते भी रहने चाहिए। जेसीआई समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित



रक्तदाताओं को बैज लगा हौंसलाअफजाही करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

करती रहती है। इसके लिए वो जेसीआई प्रधान व अन्य सदस्यों का आभार व्यक्त करते हैं। आप लोग समाज का आइना हैं और आपको देखकर ही लोग प्रभावित होते हैं। गगन ने कहा कि एक नागरिक होने के नाते सभी से अपील करते हैं कि समय-समय पर रक्तदान करें। रक्तदान करने से आत्मिक शांति मिलती है। स्वास्थ्य रूप से भी शरीर को लाभ मिलते हैं। आयरन बना रहता है। रक्तदान से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती है। पायल सैनी ने कहा कि रक्तदान करना चाहिए। हर तीन व चार माह में रक्तदान करना चाहिए। रक्त अन्य लोगों के काम आएगा। इसलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। दीपक खर्ब ने कहा कि मैने 18 बार रक्तदान किया है। रक्तदान सबको करना चाहिए। नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए। आकाश ने कहा कि अबतक छह बार रक्तदान किया है। हर तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से कोई दिक्कत नही होती है। उन्हें रक्तदान करने से किसी तरह की कोई परेशानी नही आई है। प्रवीण ने कहा कि पहली बार रक्तदान किया है। रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सभी महिलाओं को हर तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। संध्या ने कहा कि हर महिला को तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। किसी भी महिला को रक्तदान करने से डरना नही चाहिए। राज रानी ने कहा कि रक्तदान कर बहुत अच्छा लग रहा है। हर महिला को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान जरूरतमंद के काम आता है। मैं नौ बार रक्तदान कर चुकी हैं। हर महिला को तीन माह में समाज सेवा के लिए रक्तदान करना चाहिए। इससे सेहत भी ठीक रहती है।

# लोक अदालत अभियान से न्याय होगा सरल और सुलभ : सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित सिहाग ने बताया कि देश में लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने समाधान समारोह विशेष लोक अदालत नामक राष्ट्रीय व्यापी अभियान शुरू किया है । यह विशेष पहल 21 अप्रैल से प्रारंभ होकर 21, 22 और 23 अगस्त को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी। जिसमें उपयुक्त लंबित मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। यह अभियान न्याय को जन-जन तक सरल और सुलभ तरीके से पहुंचने की परिकल्पना पर आधारित है जहां पारंपरिक अदालती प्रक्रिया के बजाय संवाद सहमति और मध्यस्तता के माध्यम से विवादों का समाधान किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में यह पहला देश भर के न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों अधिवक्ताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं के सम्मिलित समन्वित प्रयास से संचालित की जा रही है। बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर रणनीति तैयार की गई है। लंबित मामलों की सूची तैयार कर पक्षकारों से संपर्क किया जाएगा और उन्हें इन लोक अदालत सलाह बैठकों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं । जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानि कि कुल 80 हजार का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार का अनुदान दिया जाएगा।

### शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलो निर्धारित

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा अहम कदम उठाया है। सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय कर दिया है। इस कदम से न केवल शहद उत्पादकों को उनके उत्पाद का उचित भाव मिलेगा, बल्कि उनकी आय में भी स्थिरता आएगी। डीसी अपराजिता ने कहा कि राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं हनी मिशन के माध्यम से भारत शहद निर्यात में अपनी वैश्विक पहचान बना रहा है। हरियाणा सरकार की यह योजना राज्य में शहद उत्पादन को नए आयाम देगी। योजना का लाभ लेने के लिए सभी मधुमक्खी पालकों को मधुक्रांति पोर्टल तथा भावांतर भरपाई योजना पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

### गांव किठाना में मारपीट पिता-पुत्र घायल, केस

**राजौंद।** गांव किठाना में हुई मारपीट में पिता पुत्र घायल हो गए। गांव किठाना के जोगेंद्र ने राजौंद थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 अप्रैल को जब वह अपने बेटे के साथ गांव से जा रहा था तो गांव के ही अजय, गुलाब, सतीश तथा सुनीता ने मिलकर लाठियां से मारपीट करते हुए उसे तथा उसके बेटे को घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मानस-1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की जानकारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू किया हुआ है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है।लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### बड़सीकरी खुर्द में मंडी से गेहूं चुराया

**राजौंद।** बड़सीकरी खुर्द में चोर मंडी से गेहूं के 20 कट्टे चुराकर ले गए। आढ़ती रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बडसीकरी खुर्द अनाज मंडी में उसकी मैसर्ज एस आर ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से आढ़त की दुकान है। वह कमीशन एजेंट का काम करता है। किसानों से खरीदी हुई फसल रात को उठान के लिए रखी थी। रोहताश ने बताया कि रात को वह घर चले गए। रात को अज्ञात चोर 20 से ज्यादा गेहूं के कट्टे चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। कलायत थाना के जांच अधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

---

#### भगवान परशुराम जयंती समारोह कार्यक्रम में बोले विधायक

# आगे बढ़ने-कामयाब होने के लिए शिक्षा एकमात्र हथियार: रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी





पूंडरी। मंचासीन मुख्यातिथि विधायक रामकुमार गौतम व सतपाल जाम्बा व उपस्थित समाज के गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी में सर्व ब्राह्मण सभा हल्का पूंडरी द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव एक निजी पैलेस में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर समाज को एकजुटता और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में हलका विधायक सतपाल जांबा, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष जिलेराम पचोलिया, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा पहलवान, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा महेंद्रगढ़, मार्केट कमेटी पूंडरी के अध्यक्ष सुभाष हजवाणा उपस्थित रहे। वहीं, विशेष आशीर्वाद देने के लिए संत सत्य चेतन पुरी जी महाराज भी पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण महासभा पूंडरी के प्रधान अश्वनी कौशिक ने की।

इस अवसर पर विधायक रामकुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को वर्तमान समय में हर क्षेत्र नोकरियों, दुकान, व्यापार व शिक्षा में पिछड़ता जा रहा है। समाज के यूवा सामाजिक कुरीतियों में धंसते जा रहे हैं। एक दिन ऐसा न हो कि जब कहें कि एक ब्राह्मण जाति होती थी, इतिहास की बात होकर रह जाए, इसलिए संगठित होने और एकजुटता की सबसे अधिक आवश्यकता है। युवा वर्ग यदि शिक्षा से दूर रहा, तो समाज पिछड़ता जाएगा। आगे बढ़ने और कामयाब होने के लिए शिक्षा ही एकमात्र हथियार है। जिसके लिए शस्त्र और शास्त्र धारण करने की आवश्यकता है। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना की और सदैव समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य किया। विधायक सतपाल जांबा के समक्ष कमेटी सदस्यों ने पूंडरी में ब्राह्मण चौपाल निर्माण तथा भगवान परशुराम के नाम पर घोषित चौक के निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक जांबा ने आश्वासन देते हुए कहा कि चौपाल के लिए उपयुक्त भूमि देखी जा रही है तथा चौक के निर्माण कार्य पर जितना भी खर्च आएगा, उसे भी वे करवाएंगे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों के संतुलन के साथ समाज सेवा का मार्ग दिखाता है।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने धरती पर फैले अत्याचार और अधर्म का नाश किया। वे महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे। परशुराम जी ने सदैव धर्म की रक्षा, गुरु भक्ति और त्याग का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने गुरु महर्षि कश्यप को पूरी पृथ्वी दान कर तपस्या का मार्ग अपनाया। उनका जीवन हमें साहस, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, पूर्व प्रधान ब्राह्मण सभा सरपंच नरेंद्र शर्मा पिलनी, जिला परिषद सदस्य देवेंद्र शर्मा पुजारी, जिला पार्षद कमलेश रानी व पार्षद मुनीश शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन पाई कृष्ण पिलनी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र धीमान, वेद प्रकाश शर्मा, प्रदीप बदनारा, संजीव पिलनी, प्रवीण शर्मा पाई, अजय शर्मा, मिठनलाल हाबड़ी, राजेंद्र शर्मा, मास्टर रामकुमार, सुरेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, राजेश शर्मा पूंडरी, रतनलाल शर्मा म्योली, ईश्वर मास्टर, प्रदीप कुमार, ईशु कौशिक सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

---



पूंडरी। हिम्मत सिंह का स्वागत करते पुष्पेंद्र बरसाना व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह का नई अनाज मंडी पूंडरी स्थित राईस मिल एसोसिएशन के प्रधान पुष्पेंद्र बरसाना के प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और सम्मान स्वरूप अभिनंदन कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान हिम्मत सिंह ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने क्षेत्र में पेयजल, सफाई व्यवस्था, युवाओं के मार्गदर्शन और रोजगार से जुड़े मुद्दों को रखा, जिस पर उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ सुझाव दिए और समाज के सहयोग से समाधान की दिशा में आगे बढने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना आवश्यक है। शिक्षा, जागरूकता और आपसी सहयोग से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राईस मिल एसोसिएशन के प्रधान पुष्पेंद्र बरसाना ने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व का क्षेत्र में आना युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि उनका सरल स्वभाव और समाज के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से युवाओं को आगे बढने की दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी अपने विचार सांझा किए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राकेश गोस्वामी, सतीश हजवाना, देवीदयाल बरसाना, ओमपाल कौल, अमित टाया, सोनू कुमार, जसमेर, डा. राजकुमार रसीना, सुरेश बरसाना, प्रवीण बत्तान, जोनी मैहला, अनिल कुमार, सुप्रीत बत्तान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# अमरनाथ यात्रियों के लिए निःशुल्क सेवा की घोषणा

### 15 जून को रवाना होगा भंडारा काफिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल पूंडरी द्वारा पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए निशुल्क सेवा की घोषणा की गई है। मंडल के अध्यक्ष गगनदीप गर्ग ने बताया कि संस्था का भंडारा काफिला 15 जून 2026 को पूंडरी से रवाना होगा, जो बालटाल-बुराड़ी मार्ग पर श्रद्धालुओं की सेवा करेगा। उन्होंने बताया कि भंडारा स्थल बालटाल तथा बुराड़ी मार्ग पर रहेगा, जहां 3 जुलाई से रक्षाबंधन तक लगातार 57 दिनों तक सेवा प्रदान की जाएगी। इस दौरान बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को पूर्ण रूप से निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सेवा मंडल की ओर से यात्रियों के आने-जाने, ठहरने, भोजन, चिकित्सा व सुरक्षा का पूरा खर्च संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। भंडारे में 24 घंटे लंगर की व्यवस्था रहेगी, वहीं एमबीबीएस व एमडी डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके साथ ही टेंट व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। बताया कि जो श्रद्धालु यात्रा में शामिल होना चाहते हैं, वे आधार कार्ड, चार फोटो व मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट के साथ सेवा मंडल कार्यालय, मुख्य बाजार पूंडरी में संपर्क कर सकते हैं।

---

# मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही मिलती है सफलता : सिंह

- कौल के जनता कॉलेज में दीक्षांत समारोह की गरिमा, छात्रों को मिली उपाधियां और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांड। कॉलेज पत्रिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में तृतीय दीक्षांत समारोह, वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं कॉलेज पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने की।

मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि सफलता का कोई आसान रास्ता नहीं होता। उन्होंने कहा कि आज के दौर में वही युवा आगे बढ़ता है, जो अपनी योग्यता और मेहनत पर भरोसा करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। "हर चुनौती एक नया अवसर लेकर आती है, जरूरत है उसे पहचानने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की," उन्होंने कहा। हिम्मत सिंह ने "बिना खर्ची-बिना पर्ची" व्यवस्था का उल्लेख करते हुए युवाओं को अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है।

पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

#### प्राचार्य ने रिपोर्ट प्रस्तुत की

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को डिग्री और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा कॉलेज पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पुष्पा, डॉ. राजीव कुमार गाबा, डॉ. कोमल रानी, डॉ. राधिका खन्ना, डॉ. नैंसी गुलाटी, डॉ. बरजिंदर सिंह, डॉ. पारस मणि सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

*लगातार 9वीं बार अध्यक्ष बने अशोक का कैथल पहुचंने पर भव्य नागरिक अभिनंदन*

# समाज की पगड़ी का मान-सम्मान कभी झुकने नहीं दूंगा : अशोक बुवानीवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। अशोक बुवानीवाला का पहुचंने पर भव्य स्वागत करते समाज के लोग।

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लगातार नौवीं बार सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए अशोक बुवानीवाला का कैथल पहुंचने पर वैश्य बंधुओं द्वारा भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व अशोक के कैथल पहुंचने पर गणमान्य लोगों और युवाओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजन कर समाज की समृद्ध परंपराओं और आदर्शों को नमन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अशोक बुवानीवाला ने कहा कि आज समाज ने जो पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, उसका मान-सम्मान मैं जीवन भर कभी झुकने नहीं दूंगा। यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है, जो पिछले 17 वर्षों से एक विश्वास के साथ समाज ने जो मुझें सौंपी है। मैं अपने समाज के लोगों के सिर को कभी नीलाम नहीं होने दूंगा और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के विश्वास को बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहूंगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है, जिसकी ताकत उसकी एकता, अनुशासन और सेवा भाव में निहित है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में समाज ने जिस प्रकार हर परिस्थिति में एकजुटता दिखाई है, वही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा उद्देश्य केवल संगठन को मजबूत करना नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को साथ लेकर चलना है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिंगला, उपाध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता, लाला अमरनाथ गुप्ता पानीपत, भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल कुमार, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, मंत्री वेद प्रकाश गर्ग, महिला प्रदेश सचिव अंजु बंसल, कैथल जिलाध्यक्ष प्रकाश बंसल, महासचिव पंकज मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पायल गोयल नरवाना, निशी गुप्ता, पूर्व सरपंच निशा मंगल सीवन, अक्षरा गुप्ता, मनोज सिंगला, जयंत, मुकेश सिंघल, चिराग बंसल, मांगेराम गुप्ता, राखी गोयल, रितु जिंदल, रिद्धी गुप्ता, उमा जैन, नीलम, केशव गुप्ता, अक्षत बिंदलीश, साधना, वंदना आदि उपस्थित रहें।

---

# निर्विरोध पार्षद बनने पर शालिनी सम्मानित

- कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की टीम का स्वागत राकेश राणा द्वारा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। कन्या शक्ति मिशन फाउंडेशन की टीम द्वारा शालिनी को लोगो भेंट कर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के वार्ड नंबर 11 से निर्विरोध पार्षद चुनी गई शालिनी, पुत्री पूर्व पार्षद स्वर्गीय राजबीर, को सम्मानित करने के लिए रविवार को कन्या शक्ति मिशन फाउंडेशन की टीम उनके निवास स्थान पर पहुंची। इस अवसर पर कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की टीम का स्वागत राकेश राणा द्वारा किया गया। इसके उपरांत फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार सिसला ने शालिनी को फाउंडेशन का लोगो भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर राजकुमार सिसला ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा 'प्रतिभा सम्मान अभियान' के तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता है। उनका उद्देश्य समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और सकारात्मक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, खेल या किसी भी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को आगे भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री राजकुमार मुन्नारेडी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव कुमार (सिकंदर खेड़ी), कैलाश, संजीव कुमार (राजौंद), नरेश कुमार, किरनपाल आर्य, बंटी, विजय कुमार, हैप्पी पुहाल, महिपाल सिंह, भीम वाल्मीकि, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह करोड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

# अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल का अध्यापक संघ ने किया समर्थन



**कैथल।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन शाखा नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्यव्यापी हड़ताल रविवार को 26वें दिन भी जारी रही। फायर कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के साथी कार्मिक अनशन पर रहे। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमर नाथ किठानिया ने किया। इसके अलावा राज्य महासचिव रामपाल , सुरेश द्रविड़, जोगिंद्र सिंह, सतपाल पांचाल,गगनदीप, रमेश कुमार, सतीश विशेष रूप से अनशन पर रहे। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि दमकल कर्मचारी हर परिस्थिति में अपनी जान जोखिम में डालकर जनता, किसानों और समाज की सुरक्षा करते हैं, लेकिन सरकार उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाकर उनकी शहादत को नजरअंदाज कर रही है। संघ नेताओं ने 18 मार्च को मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र का हवाला देते कहा कि उसमें स्पष्ट रूप से दमकल कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों, फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को सम्मान देने हेतु तत्काल वार्ता की मांग उठाई गई।

---

**रक्तदान** | चेयरपर्सन हेमलता सैनी बोलीं- रक्त का कोई विकल्प नहीं

# हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला चीका। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते।

रक्तदान महादान के संदेश के साथ शुक्रवार को सीवन स्थित रामा आश्रम में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन लायंस क्लब कैथल आइकोनिक और नेकी का घर संस्था, गुहला-चीका के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीवन नगरपालिका की चेयरपर्सन हेमलता सैनी और समाजसेवी संदीप सैनी पहुंचे। दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई।

हेमलता सैनी ने कहा कि दुनिया में कई प्रकार के दान हैं, लेकिन रक्तदान सबसे बड़ा दान है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान लगातार प्रगति कर रहा है, लेकिन आज तक रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प तैयार नहीं हो पाया है। रक्त केवल इंसान से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

शिविर में डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त एकत्रित किया। आयोजकों ने बताया कि एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए ब्लड बैंकों में उपलब्ध कराया जाएगा।

#### गुलशन चुघ बने मिसाल

जिला चीफ लायन गुलशन चुघ ने बताया कि उन्होंने 18 वर्ष की आयु से रक्तदान शुरू किया था। अब तक वे 96 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनका लक्ष्य 100 बार रक्तदान पूरा करना है। इस मौके पर नेकी का घर संस्था के प्रधान हुकम सिंह मेहला, सचिव डॉ. गुरदेव जोसन, कोषाध्यक्ष गुरदीप चाबा, डॉ. गुरबाज सिंह लवली, मंजीत कोड़ा रत्ताखेड़ा मौजूद रहे। वहीं लायंस क्लब की ओर से सचिव अशोक अरोड़ा, लायन जितेश आहूजा, ललित तनेजा, सुमित गुगनानी, संजीव मरवाह, संजय कंसल, मोंटी कामरा, तरसेम सैनी और गुलाब सैनी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### समय से कचरे का उठान न होने से जगह-जगह दिख रही गंदगी, परेशानी झेल रहे लोग

# सफाई कर्मचारियों ने पांच मई तक बढ़ाई हड़ताल

## शहर में प्रतिदिन 120 टन तथा जिलो में 185 टन कचरा निकल रहा

- ठेकाप्रथा समाप्त कर सभी कर्मियों को पक्का करने और एक्सग्रेशिया की नीति बहाल करने की कर रहे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल को पांच मई तक बढा दिया है। सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहनलाल ने कहा कि सरकार द्वारा उनकी मांगों की तरफ कोई संज्ञान नही लिया गया है। जिसके चलते हड़ताल को पांच मई तक बढा दिया गया है। उनकी मांग है कि ठेकाप्रथा को समाप्त कर सभी कर्मियों को पक्का किया जाए। एक्सग्रेशिया की नीति को बहाल किया जाए। हमारी मांग पूरी नही होती तो राज्य कमेटी का जो आह्वान होगा, उस पर वो काम करेंगे।

उन्होंने दावा किया कि यूनियन के आह्वान पर सभी 300 कर्मचारी हडताल पर रहे हैं। इनमें 178 कर्मचारी नगर परिषद रोल पर नियुक्त हैं। जबकि 90 कर्मचारी एचकेआरएन के तहत काम कर रहे हैं। नगर परिषद के ईओ रिषिकेश ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए शहर में कचरा उठाने के लिए वैकल्पिक प्रबंध किए जा रहे हैं। सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त होने पर पहले की तरह ही कचरे का उठान कार्य सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।


जींद। फायर ब्रिगेड के निकट डंपिंग प्वाइंट के पास लगी गंदगी की ढेर। फोटो : हरिभूमि

### कचरे का उठान नहीं हो पाने से बढ़ने लगी परेशानी

शहर में प्रतिदिन 120 टन तथा जिला में प्रतिदिन 185 टन कचरा निकलता है। पिछले तीन दिन से शहर तथा जिलाभर में कचरे का उठान नही हो पाया है। ऐसे में जगह-जगह कचरे के ढेर लगने व उनसे उठने वाली बदबू से आमजन परेशान हो गया। स्थानीय लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन शहर में सफाई व कचरे के उठान को लेकर प्रबंध करवाए। जींद शहर की बात की जाए तो यहां नियमित तौर पर 168 व एचकेआरएन के तहत लगभग 200 कर्मचारी सफाई कार्य के लिए काम करते हैं। शहर से 120 टन कचरा व जिला से 185 टन कचरा निकलता है। ऐसे में रविवार को तीन दिनों तक कचरे का उठान न हो पाने के कारण 360 टन कचरा एकत्रित हो गया है। वहीं जिला में 550 टन से अधिक कचरा एकत्रित हो गया है। सफाई कार्य ठप रहने के चलते शहर में कचरे का उठान नही हो पाया। सड़कों, गलियों और वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। जिससे बदबू फैल रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार सुबह भी वार्डवासी कचरा फेंकने के लिए गाड़ी का इंतजार करते रहे लेकिन सफाई गाडियां नहीं पहुंचीं। परेशान होकर कई लोगों ने घर का कूड़ा सड़क किनारे, नालियों के पास या खाली प्लॉटों या सार्वजनिक स्थानों में फेंक रहे हैं। शहर व जिला से कूड़े का उठान न होने के कारण स्वास्थ्य समस्या पैदा होने का खतरा बढ़ गया है।

### गंदगी से फैलती हैं बीमारियां : डॉ. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि गंदगी (अस्वच्छता) के कारण हैजा, टाइफाइड, पेचिश, दस्त, पीलिया, मलेरिया, डेंगू, पेट में कीड़े, त्वचा संक्रमण (दाद, खाज) और टीबी जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। ये बीमारियां मक्खियों, मच्छरों और गंदगी में पनपने वाले बैक्टीरिया के कारण फैलती हैं। घर और बाहर गंदगी होने के कारण ही टाइफाइड बुखार होता है। ऐसे में हमें अपने आसपास गंदा पानी व गंदगी इक_ा नही होने देना चाहिए। सफाई ही सभी बीमारियों को खत्म करती है। इसलिए हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## वेतन वृद्धि की घोषणा हुई पर अब तक अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। हडताल के दौरान नारेबाजी करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद कैथल के कर्मचारियों ने हड़ताल करके नगर परिषद के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। नवम्बर 2024 को जींद में महर्षि वाल्मीकि के प्रगट दिवस पर मुख्यमन्त्री नायाब सैनी, कृष्ण बेदी द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारी को 26,000 और शहरी सफाई कर्मचारी को 27,000 वेतन देने की घोषणा की गई थी, परन्तु आज तक कर्मचारियों के वेतन मे बढोत्तरी नहीं की।

8 फरवरी 2023 में सरकार ने अनंदोलन के दवाब मे पे रोल के कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी किया था की कमेटी बनाकर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा, परन्तु भाजपा सरकार ने उसे आज तक पूर्ण रूप से लागू नही होने दिया और अपने 11 साल के कार्यकाल मे आज तक एक भी सफाई सीवर के कर्मचारी पक्का नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि सफाई व फायर के कर्मचारी हड़ताल पर है। यदि समय रहते सरकार इनकी मांगे मान जाती ओर अग्निशमन विभाग के मृतक कर्मचारियों को शहीद का दर्जा ओर 1 करोड़ की मदद और सरकारी नौकरी व अन्य मांगो को मन लेती तो हड़ताल की नौबत नहीं आती, जो कर्मचारियों की मांगे वाजिब है। यदि सरकार समय रहते नहीं जागती तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा रणनीति बनाकर नगर पालिका व फायर कर्मचारियों के हड़ताल के समर्थन में उतरेगा। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य मे 15 से 20 वर्षो से कच्चे कर्मचारी लागे हुए है और इनको पक्का करने की पॉलिसी ना बनाकर इनका शोषण व उत्पीड़न किया जा रहा है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आने वाली 17 मई 2026 को रोहतक मे सभी विभागों के कच्चे कर्मचारियों की सयुंक्त राज्य स्तरीय बड़ी कन्वेंशन आयोजित करके भावी योजना बनाएगा।

### ये रहे मौजूद

हड़ताल में सुमेश राणा, अमित कुमार, मुकेश कुमार प्रेमी, पंकज गिल, सुखा नौच, कपिल कल्याण, विधा, वर्षा,विक्की बेदी ,सुरेखा, वीना, सुरेन्द्र कुमार, सूरज सोहोतरा, देश राज चोहान, सन्नी कांगडा, सूरज कल्याण, सुरेश कुमार, सतीश कुमार व सैकड़ो की संख्या मे कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर लैब अटेंडेंट 6 मई को करेंगे शिक्षा सदन का घेराव



**राजौंद।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ ने हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए 6 मई को पंचकूला स्थित शिक्षा सदन का घेराव करने का ऐलान किया है। यह निर्णय रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में लिया गया। जिला प्रधान रामनिवास मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक नौकरी सुरक्षा देने की घोषणा केवल कागजों तक सीमित रह गई है। जमीनी स्तर पर कर्मचारियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्मचारियों को भरोसे में लेकर एक पोर्टल शुरू किया, जिस पर हजारों कर्मचारियों ने आवेदन किया, लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही और उदासीन रवैये के कारण उन्हें निराशा हाथ लगी है। जिला उपप्रधान दीपक शर्मा ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि तीन बार बढ़ाई गई, जिससे स्पष्ट है कि प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाना चाहिए था, लेकिन अधिकारियों की ढुलमुल नीति के चलते कर्मचारियों के साथ अन्याय हुआ है।

## न्यूज डायरी



### होम्योपैथिक कैम्प में 60 मरीजों को मिला लाभ

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल द्वारा आज 3 मई को सभा के कार्यालय में आयोजित निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में लगभग 60 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक चला। मरीजों को निशुल्क परामर्श, बी.पी., शुगर, एस.पी.ओ.2 टेस्ट व होम्योपैथिक दवाएं दी गईं। शिविर में डॉ. अमरेन्द्र सिंह ने सेवाएं दीं। डॉ. अमरेन्द्र सिंह ने कहा, /"होम्योपैथी बिना साइड इफेक्ट के रोग को जड़ से खत्म करती है। पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुषम कपूर ने बताया कि इस प्रकार के संगठन जब आगे आते हैं तो स्वास्थ्य सेवा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है। ऐसे आयोजनों का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। समाज सेवा की कड़ी में सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधान सुषम कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मई शुक्रवार को अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक, पार्क रोड पर श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के साथ मिलकर विशाल हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया जाएगा। इस कैम्प में मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों के सभी जरूरी टेस्ट व दवाइयां पूर्णतः निशुल्क रहेंगी।

### मारपीट की घटनाओं में दो घायल

**कैथल।** जिले में हुई मारपीट की अलग अलग घटनाओं में दो व्यक्ति घायल हो गए। अर्जुन नगर कैथल के सतवीर ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 मार्च को जब वह अर्जुन नगर से जा रहा था तो कॉलोनी के ही दीपक, रोहन तथा सुमन ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट के दूसरे मामले में पुंडरी के सुल्तान ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अप्रैल को विजय ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर के हजारों के सामान चुराए

**कैथल।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चोर हजारों रुपए का बिजली ट्रांसफार्मर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। पहले मामले में बिजली निगम के उपमंडल अभियंता महेंद्र सिंह ने कैथल सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर 21 अप्रैल को गांव धनोरी के किसान मुख्तार सिंह के खेतों में रखा 100 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 19800 बताई गई है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जिले सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव शिमला के सुरेश कुमार ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल को चोर शिमला नहर के पास उसके खेतों में बने कमरे का दरवाजा तोड़ते हुए वहां पर रखा इनवर्टर, बैटरी, गेहूं व अन्य सामान चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल दिनेश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंजाबी सेवा सदन ने बांटा राशन

**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है । परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि मई माह की राशन सेवा की सहयोग राशि संस्था के वरिष्ठ सदस्यों भारत भूषण टक्कर व अनिल टक्कर द्वारा अपनी पूज्य माता स्व श्रीमती बिमला रानी जी की पुण्य स्मृति में दी।उन्होंने बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है । प्रधान ने आगे बताया कि सदन परिसर में बने कंप्यूटर केंद्र का नया सत्र शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को समय पर नहीं मिली स्कॉलरशिप, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जींद इकाई द्वारा जींद विश्वविद्यालय एवं जींद कॉलेज के विद्यार्थियों को बीते लंबे समय से स्कॉलरशिप न मिलने के मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया है। परिषद ने इस स्थिति को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को पिछले तीन वर्षों से तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को पिछले एक वर्ष से छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो पाई है। जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। एबीवीपी का स्पष्ट मानना है कि जब तक सरकार द्वारा स्कॉलरशिप जारी नहीं की जाती तब तक किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा से वंचित करना पूर्णतः अनुचित और अन्यायपूर्ण है। यह मुद्दा केवल आर्थिक सहायता का नही बल्कि सामाजिक न्याय का भी है। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप एक संवैधानिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित की गई है ताकि वे समान अवसरों के साथ शिक्षा प्राप्त कर सकें। ऐसे में स्कॉलरशिप में देरी या रोक लगाना सीधे-सीधे सामाजिक समानता के सिद्धांतों के खिलाफ है।

### प्रशासन की उदासीनता के कारण कमजोर वर्ग के विद्यार्थी हो रहे प्रभावित

एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि सरकार एवं प्रशासन की उदासीनता के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। छात्रवृति उन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा होती है, जो अपनी पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन करने में सक्षम नहीं होते। जब यह सहायता समय पर नहीं मिलती, तो विद्यार्थियों को फीस जमा करने, परीक्षा में बैठने और अपनी पढ़ाई जारी रखने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई शैक्षणिक संस्थान फीस न भर पाने की स्थिति में विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने से रोकने की चेतावनी दे रहे हैं। यह न केवल छात्रों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है।

### तीसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर दिया धरना

**उचाना।** नगर पालिका इकाई राज्य कमेटी के आह्वान पर उचाना नगर पालिका सफाई कर्मियों ने रविवार को पक्का करने की मांग को लेकर हड़ताल रखी। लगातर तीसरे दिन कर्मचारियों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट कर धरना दिया। पहले हड़ताल दो मई तक की थी अब पांच मई तक हड़ताल बढ़ गई है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहाल करना, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेकेदारी प्रथा बंद करना, आबादी के आधार पर नियुक्ति आदि मांगे है। कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों में कार्य नहीं कर रही है। इस मौके पर शीला प्रधान, राजेश ढिलौड़, सतपाल, ओमपति देवी, सुरजी देवी, राजकली, संतरो मौजूद रहीं।


उचाना। नपा कार्यालय में धरना देते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मंत्री ने दूर करवाई मंडियों में गेहूं उठान प्रक्रिया में आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


नरवाना। बैठक करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की दूरदर्शी सोच एवं सार्थक सूझबूझ से मंडियों में गेहूं उठान प्रक्रिया में बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है और लिफ्टिंग की सुचारू प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से नरवाना अनाज मंडी में गेहूं उठान (लिफ्टिंग) को लेकर जारी गतिरोध आखिरकार रविवार को समाप्त हो गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मौके पर पहुंच कर मंडी एसोसिएशन खरीद एजेंसी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर आपसी समन्वय के साथ समाधान कराया। इस निर्णय के बाद मंडी में लंबे समय से उठान कार्य की गति में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद प्रक्रिया नियमित रूप से जारी थी और उस समय से उठान की जिम्मेदारी मंडी एसोसिएशन के पास थी। लगभग एक माह बीतने के बावजूद अब तक केवल करीब 50 प्रतिशत गेहूं का ही उठान हो पाया जो उपेक्षाकृत धीमा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों की फसल अब तक मंडी में पहुंची थी उनका माल जब तक पूरी तरह नहीं उठेगा और जे फॉर्म नहीं कटेगा तब तक उनके खातों में भुगतान संभव नहीं हो पाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मंडी में उत्पन्न स्थिति के पीछे मंडी एसोसिएशन और खरीद एजेंसी के बीच तालमेल की कमी मिली है। इसके चलते प्रशासनिक स्तर पर भी कुछ समस्याएं सामने आईं।

## अप्रैल माह में पुलिस ने 110 मामलों में आरोपित 130 अपराधी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



अप्रैल माह में पुलिस ने शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 110 मामलों में 130 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 36 मामलों में 47 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 20 लाख 51 हजार रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। गत माह के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाकर एनडीपीएस एक्ट तहत 17 मामले दर्ज करके 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 42.835 किलोग्राम चूरा पोस्त, 360.502 किलोग्राम डोडा पोस्त, 7.150 किलोग्राम गांजा, 180 ग्राम अफीम, 15 किलो 130 ग्राम अफीम पौधे, 421 ग्राम चरस तथा 29.181 ग्राम हैरोइन सहित बड़ी मात्रा में लाखों रुपए मूल्य का नशीला पदार्थ बरामद किया गया। अप्रैल माह के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 52 मामलों में 54 आरोपी गिरफ्तार किए गए है, जिनके कब्जे से 363 बोतल देशी, 830 बोतल हथकढी शराब तथा करीब 4 हजार लीटर लाहण बरामद हुआ। अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों पर भी शिकंजा कसते हुए 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू करके 4 अवैध देसी पिस्तौल व 8 कारतूस बरामद किए गए। जुआ/सट्टा अधिनियम के 3 मामलो में 3 आरोपियों को काबू करके 7720 रुपये बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त अप्रैल माह दौरान पुलिस द्वारा 26 बेल जंपर व 19 पी.ओ. आरोपी तथा 2 मोस्ट वांटेड अपराधियों को भी काबू किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस का प्रथम दायित्व आमजन की जानमाल की सुरक्षा करना है। जिला पुलिस अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए अराजक अपराधियों, शराब, नशा व असला तस्करों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन कर रही है।

**सुविधा** एसी बस के संचालन से गर्मी के मौसम में यात्रियों को मिलेगी राहत

# अब जींद से गुरुग्राम की बस यात्रा होगी कूल-कूल

- दोपहर के समय दो बजकर 10 मिनट पर जींद से रवाना होगी एसी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यात्रियों की मांग पर दोपहर के समय दो बजकर 10 मिनट पर जींद से गुरुग्राम के लिए एसी बस शुरू की गई है। सुबह साढ़े आठ बजे हिसार-चंडीगढ़ रूट पर चलने वाली बस को हटा कर गुरुग्राम के लिए चलाया गया है। हिसार-चंडीगढ़ रूट पर एसी की जगह साधारण रोडवेज बस चलाई जा रही है। वहीं गुरुग्राम रूट पर एसी बस चलने से गर्मी के मौसम में यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। जींद डिपो में इस समय लगभग 170 रोडवेज बस हैं। जिसमें से किलोमीटर स्कीम की 37 बस हैं। वहीं डिपो में दस एसी बस हैं। इसमें से दो बस सफीदों व एक बस नरवाना उपकेंद्र में है, जबकि सात बस जींद मुख्यालय पर हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले साल अगस्त माह में दस एसी बस आई थीए जिन्हें यात्रियों की सुविधा के लिए लंबे रूटों पर चलाया जा रहा है। जींद से चंडीगढ़ रूट पर सुबह नौ बजकर 20 मिनट, दोपहर 12 बजे और दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है। वहीं गुरुग्राम रूट पर सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, दूसरी बस 11 बजकर 20 मिनट और तीसरी बस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट और चौथी बस दोपहर दो बजकर 10 मिनट पर चलाई गई है। इसके अलावा दो बस सफीदों में और एक बस नरवाना उपकेंद्र में है। एसी बस में डस्टबिन व फ्रेशनर रखे गए हैं। इससे बसों में साफ.-सफाई की बेहतर व्यवस्था रहती और बसों में दुर्गंध नहीं फैलती। इसके अलावा बस में ब्लैक हिट व पालीथिन की व्यवस्था भी है।

ब्लैक हिट मच्छरों को मारने के काम आता है। इसके अलावा कई बार यात्रियों को बस में उल्टियां लग जाती हैं। ऐसे यात्रियों के लिए 20 से 25 पालीथिन रखे हुए हैं ताकि अगर यात्री को उल्टी आती है तो वह पालीथिन में उल्टी कर उसे बाहर फेंक सके। अक्सर यात्री खाने-पीने की चीजें की पैकेट यात्री बस में फेंक देते हैं। जिससे बस में सफाई नहीं रह पाती लेकिन एसी बसों में साफ.-सफाई बेहतर रखने के लिए डस्टबिन रखवाए गए हैं।


जींद। बस अड्डा पर खड़ी एसी बस। फोटो : हरिभूमि

### यात्रियों की मांग पर शुरू की गई है गुरुग्राम के लिए एसी बस

जींद बस अड्डा के डीआई सुनील पूनिया ने बताया कि यात्रियों की मांग पर हिसार-चंडीगढ़ रूट से एसी बस को हटाकर गुरुग्राम रूट पर शुरू किया गया है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। यात्रियों की मांग पर दोपहर के समय जींद से गुरुग्राम के लिए एसी बस शुरू की गई है। एक बस हिसार-चंडीगढ़ रूट पर चलती थी। वहां यात्रियों की संख्या कम थी और गुरुग्राम रूट पर यात्री एसी बस चलाने की मांग कर रहे थे।